फाइल सं. Misc./2022/स्था.-5/ 438-46 दिनांक:06-07-2023

परिपत्र

संस्थान के सभी अधिकारियो के संज्ञान में ये लाया जाता है की जब भी बारिश होती है कुछ जगह भवनों की छत्त पर पानी इक्क्ठ्ठा हो जाता है या फिर कभी कभी छत्त पर रखी पानी की टंकियों के overflow होने से भी यह समस्या आ जाती है। सामान्य तौर पर बारिश या किसी और कारण से छत्त पर जमा होने वाला पानी, ड्रेन पाइप से निकल जाना चाहिए पर अक्सर यह देखा गया है की छत्त पर घास व जँगली पेड़ पौधे उगने से तथा छत्त की नियमित सफाई न होने से ड्रेन पाइप के मुँह पर पत्ते व कीचड़ जमा हो जाता है तथा ड्रेन पाइप बंद हों जाती है। इस तरह कई बार बारिश के बाद घंटो तक छत्त पर पानी जमा रहता है। तथा धीरे- धीरे ये छत्त में से रिस कर नीचे टपकने लगता है। यह स्थिति बहुत ही ख़राब है क्योंकि इससे न केवल पक्की छत्त के अंदर लोहे के सरिये जंग खाते है तथा छत्त की मजबूती क्षीण होती है बल्कि कई बार अधिक क्षीण होने से छत्त का पलस्तर व टुकड़े अचानक से गिरकर छत्त के नीचे बैठने वाले के लिये खतरा पैदा करते है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि आप ध्यान रखे की अपने कार्यालय व सरकारी निवास कि छत्त पर पानी इक्क्ठ्ठा न होने दे। सभी विभागध्यक्ष व अध्यक्ष अपने कार्यालय के भवन की छत्त को नियमित तौर पर साफ-सुथरा रखने के लिये किसी उपुक्त कर्मचारी कि जिम्मेदारी लगा सकते है, जो नियमित तौर पर छत्त को देख ले कि वहाँ पर घास फुस न ऊगा हो या मिटटी न पड़ीं हो।

छत्त की सफाई के लिये प्रभारी एस्टेट सेक्शन को बताये तथा किसी प्रकार कि छत्त की मरमत का कार्य अनुरक्षण अनुभाग को बताये।

प्रभारी एस्टेट सेक्शन से भी अनुरोध है कि वह छत्तों कि सफाई का एक चार्ट बनाकर नियमित रूप से सफाई करवा दे ताकि संस्थान के भवन व उसमें रहने वाले सुरक्षित रहें।

(यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन पर जारी किया गया है।)

गुरजीत 7/7/23

(गुरजीत सिंह)
सहायक प्रशासनिक अधिकारी

वितरण:-

1. सभी अधिकारी व कर्मचारी, भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल।
2. निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल के प्रधान निजी सचिव के माध्यम से निदेशक महोदय के सूचनार्थ।
3. संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल।
4. संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल।
5. संयुक्त निदेशक (प्रशासन) एवं वरिष्ठ कुलसचिव, भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल।
6. सभी प्रभागों अनुभागों के अध्यक्षों को उनके अधीन कर्मचारियों के बीच परिचालित करने हेतु।
7. प्रभारी, अनुरक्षण अनुभाग, भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल।
8. प्रभारी, एस्टेट सेक्शन, भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल।
9. प्रभारी, कंप्यूटर केंद्र, राडेअनुसं, करनाल को ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड व संस्थान की वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु।